तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 ग्राम पंचायत तकिया स्थित मगरढोढ़ी वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर




## खबर संक्षेप

### 22 तक पोर्टल पर दे सकेंगे राय

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता के निर्माण में आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने केलिए जन परामर्श पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस डिजिटल मंच के माध्यम से प्रदेश का कोई भी नागरिक 22 जून तक अपने बहुमूल्य विचार और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि नीति-निर्माण की इस लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एक सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दें।

### किसानों के लिए फायदेमंद उर्वरकों का उपयोग

**अनूपपुर।** जिले में खरीफ मौसम के आगमन के साथ ही कृषि गतिविधियों ने गति पकड़ ली है। उर्वरकों के बढ़ते मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए फसलों की अधिक पैदावार और खेतों की सेहत के लिए यह आवश्यक है कि रासायनिक उर्वरकों का संतुलित और सही मात्रा में उपयोग किया जाए। वर्तमान में यूरिया और डीएपी का प्रचलन अत्यधिक बढ़ गया है, जो फसल को केवल नाइट्रोजन एवं फास्फोरस ही प्रदान करते हैं।

### कलस्टर के विकास कार्यों की सीईओ ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बदरा के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग के बदरा कलस्टर की बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कलक्टर के सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की पूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने बैठक में एक बगिया मां के नाम हितग्राही मूलक पौधरोपण के गैप फिलिंग कराने तथा पौधों की सुरक्षा, खाद्य व पौधों में नियमित पानी प्रदान करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मनरेगा रावेन्द्र पटेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि गोयल, एसडीओ सुरेन्द्र पांडे, इंजीनियर लव श्रीवास्तव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पर्याप्त स्टॉक में हैं पेट्रोल-डीजल




**बैकुण्ठपुर।** पेट्रोल-डीजल के किल्लत के बीच जिला खाद्य अधिकारी ने दावा किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा सभी प्रकार की आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। वर्तमान में जिले में पेट्रोल का 1 लाख 60 हजार 684 लीटर तथा डीजल का 1 लाख 46 हजार 611 लीटर स्टॉक उपलब्ध है। जानकारी दी है कि इंडियन ऑयल के कोरबा डिपो में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के कारण पिछले दो-तीन दिनों के दौरान पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिससे इंधन लोड के परिवहन में कुछ विलंब हुआ। हालांकि अब तकनीकी समस्या का पूर्णतः निराकरण कर लिया गया है तथा आपूर्ति व्यवस्था पुनः सामान्य हो गई है। जिन पेट्रोल पंपों पर इंधन का स्टॉक अस्थायी रूप से कम हो जाता है, वहां नए लोड के पहुंचने तक पेट्रोल एवं डीजल वितरण की निर्धारित सीमा तय की गई है, ताकि जिले के सभी वाहन चालकों को इंधन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## मांगें पूरी नहीं होने पर 18 जून से आमरण अनशन की चेतावनी

# कुरासिया भूमिगत खदान के मुहाने पर क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

- 6 सूत्रीय मांगों को लेकर एचएमएस का आंदोलन

एमसीबी जिले के गोदरीपारा क्षेत्र में बिजली, पानी सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर एचएमएस श्रम संगठन द्वारा कुरासिया भूमिगत खदान के मुहाड़े पर तीन दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल आंदोलन शुरू किया गया।

आंदोलन के प्रथम दिन संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष बजरंगी शाही सहित पदाधिकारी समीर देवनाथ, देवेन्द्र नाथ शर्मा एवं जगबंधु खुटिया ने क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने वाले नौ साथियों का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 18 जून से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने प्रबंधन पर मजदूरों की समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए छह सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है। इनमें कुरासिया कालरी की सभी कॉलोनियों में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति, बिजली कटौती बंद कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, एएमसी कार्य के तहत कर्मचारियों के घरों में हुए कार्यों की जानकारी देने, सुरक्षा सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध कराने, भूमिगत खदान के पैनल में पर्याप्त हवा की व्यवस्था करने तथा वर्ष 2025-26 के मैन पावर बजट के अनुसार रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की मांग शामिल हैं। मंच से संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य देवेन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि मजदूर विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर देश को ऊर्जा उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि नाइट ड्यूटी के बाद जब श्रमिक घर लौटता है तो बिजली नहीं मिलने से आराम नहीं मिल पाता, जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एक ओर श्रमिकों पर अवैध बिजली कनेक्शन लेने पर कार्रवाई की जाती है, वहीं दूसरी ओर निजी लोगों द्वारा किए गए अवैध कनेक्शन पर प्रबंधन कार्रवाई नहीं करता। इसी तरह पेयजल वितरण में भी अनियमितता का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कई बार मजदूरों के घरों में 10-10 दिनों तक पानी नहीं पहुंचता। संगठन पदाधिकारियों ने एएमसी प्रणाली ⏭ शेष पेज 4 पर




क्रमिक भूक हड़ताल में शामिल लोग।

### कांग्रेस पदाधिकारियों ने दिया समर्थन

आंदोलन स्थल पर पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने श्रमिकों की समस्याएं सुनीं और आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि कांग्रेस मजदूर हितों एवं न्यायोचित मांगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पार्षद राहुल पटेल एवं सनी चौहथा ने भी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। आंदोलन को सफल बनाने में देवव्रत सिन्हा, नागेश चंद्र, सुमित सुरकेले, मदन कुमार, जेएल राठौर, केशव दूरजो गौड़, इश्तियाक अहमद एवं जयराम सक्रिय रहे।

# आज से खुलेंगे विद्यालयों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का होगा आयोजन

नए शिक्षा सत्र का आगाज 16 जून से प्रारंभ हो रहा है। इस दिन डेढ़ माह के ग्रीष्मावकाश के बाद बंद विद्यालयों के पट खुलेंगे, इसके साथ ही सभी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी विद्यालय प्रमुखों को उल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाने के निर्देश दिए।

नए शिक्षा सत्र के पहले दिन विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगा एवं मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव कराया जाएगा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर जिले के सभी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जिले के सभी विद्यालयों में किया जाएगा। इसके पूर्व शाला परिसर की साफ -सफाई कर सभी तरह के आवश्यक व्यवस्था को दुररूस्त करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों द्वारा दिए गए थे। आज स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण, गणवेश वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पढ़ाई के साथ विभिन्न तरह के गतिविधियां विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। इस तरह डेढ़ माह के ग्रीष्मावकाश के बाद आज जिलेभर के विद्यालयों में विद्यार्थियों की पहल कदमी देखने को मिलेगा, इससे विद्यालय गुलजार रहेंगे।



### ऑनलाइन उपस्थिति होगी दर्ज

प्राप्त जानकारी के अनुसार नए शिक्षा सत्र के पहले दिन से शिक्षकों की ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज करने के आदेश जारी किए है। उल्लेखनीय है कि बीते शिक्षा सत्र में व्हीकेएसएप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही थी, तब ऑनलाईन उपस्थिति को लेकर ज्यादा कड़ाई नहीं थी, लेकिन नए शिक्षा सत्र के पहले दिन से व्हीकेएस एप में ऑनलाईन उपस्थिति शिक्षकों को देनी होगी, अन्यथा कार्रवाई करने के निर्देश हैं।

### सीएम ने जनप्रतिनिधियों से किया आह्वान

नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षा को सर्वाधिक प्राथमिकता देने की बात कही है। इसी क्रम में 16 से 27 जून तक प्रदेशभर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा छग के मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत के अध्यक्षों तथा नगरीय निकायों के महापौर एवं अध्यक्षों को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि शिक्षा किसी भी समाज एवं राष्ट की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है। इस अभियान का उद्धेश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश एवं नियमित अध्ययन सुनिश्चित हो। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न एवं छात्र-केन्द्रित संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, गणवेश तथा बालिकाओं के लिए सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।

# तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कोरिया जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ मानस भवन बैकुंठपुर में किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ छग के पूर्व संसदीय सचिव अवधेश चंदेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव एवं छग राज्य वन विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार की विगत 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें वित्तीय समावेशन, आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, आधारभूत संरचना विकास तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी जा रही है। तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 17 जून तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देशभर में शौचालय निर्माण जैसी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, डिजिटल इंडिया अभियान एवं ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार को भी प्रमुखता से दशार्या गया है। आधारभूत संरचना विकास के अंतर्गत सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय परिवर्तनों को भी चित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान पूर्व संसदीय सचिव अवधेश चंदेल ने कहा कि 12 वर्ष विश्वास के विकास के और जनकल्याण पर केन्द्रित यह छायाचित्र प्रदर्शनी निश्चित ही जिलेवासियों के लिए एक यादगार अवसर है, इससे लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होंगी तथा योजनाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर अनुराग सिंहदेव ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक प्रस्तुत करती है, जिनका लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को मिल रहा है। वहीं रामसेवक पैकरा ने कहा कि विगत 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से विकास और विश्वास की स्पष्ट झलक दिखाई देती है तथा डिजिटल पेमेंट, सामाजिक कल्याण एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्रदर्शनी के पहले दिन काफी संख्या में नागरिक मानस भवन बैकुंठपुर में पहुंचे और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को शासन की जनहितकारी योजनाओं से अवगत कराना तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, गणमान्य नागरिक देवेन्द्र तिवारी, केबी जायसवाल, शारदा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं काफी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।




### 100 नग नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अवैध नशीली इंजेक्शन की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। बलरामपुर जिले के पस्ता पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की सफ़ेद रंग की बाइक से शंकरगढ़ से पस्ता की ओर आ रहा है। बाइक सवार के पास भारी मात्रा में इंजेक्शन मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस ने बासेन कोदोडीपा कोलावाड़ी में घेराबंदी कर बासेन निवासी 54 वर्षीय अतिकुर रहमान आ. जसिमुद्दीन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पुलिस ने जब आरोपी के बाइक के डिक्की की तलाशी ली तो उसके पास से 4 शील बन्द पैकेट कुल 100 नग नशीली इंजेक्शन बरामद की गई।

### सोमवती अमावस्या पर पूजा-अर्चना



**बैकुण्ठपुर।** सोमवती अमावस्या का पर्व 15 जून को मनाया गया। इस बार अधिकमास में वर्षो बाद दुर्लभ संयोग में सोमवती अमावस्या का पर्व पड़ा। इस अवसर पर शिवालयों के साथ नदी तालाबों श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह के समय जुटी रही। सुहागिन महिलाएं पीपल व बरगद वृक्ष के नीचे जाकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और वृक्ष के चारों ओर सूत लपेटकर परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना की। पति की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिन पूजा-अर्चना की।

# सतत मॉनिटरिंग से आवासों के लक्ष्य समय पर होंगे पूरे

**बैकुण्ठपुर।** जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत बचरा पोड़ी क्लस्टर में स्वीकृत 74 आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि इनमें से लगभग 60 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि हितग्राहियों को निर्माण कार्य के अनुरूप समय पर किश्तों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जियो टैगिंग की प्रक्रिया नियमित रूप से की जाए। उन्होंने स्वीकृति एवं किश्त आवंटन की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त एवं पूर्ण हुए आवासों की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होंने आवास मित्रों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं तकनीकी सहायकों को प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क बनाए रखने और निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि सभी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य समय-सीमा में प्राप्त करने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण विकास से जुड़े सभी मैदानी कर्मचारियों को आपसी सहयोग और नियमित संवाद के साथ कार्य करने की सलाह दी। दोनों जनपद पंचायतों के सीईओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की तकनीकी टीम, आवास एवं मनरेगा शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित इस बैठक में उपस्थित रहे।



## छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धि

# डिजिटल क्रांति से बदली देश की तस्वीर: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 15 जून को बैकुंठपुर रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य अतिथि छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा।

उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास के कई क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है। केन्द्र सरकार की नीतियों से डिजिटल क्रांति पूरे देश में पहुंची है, जिससे आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं, बैंकिंग एवं अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के विस्तार से पारदर्शिता बढ़ी है और योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। देश में सड़क, रेल, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण योजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य हुए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, केबी जायसवाल, मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, वर्षा, हरिओम साहू, अनुक सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते अनुराग सिंहदेव

### आत्मनिर्भरता बढ़ने से हालात बदले

केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में महंगाई के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह ने कहा कि महंगाई को नकारा नहीं जा सकता, यह सामान्य प्रक्रिया के तहत बढ़ती है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल, डीजल और पेट्रोल के क्षेत्र में देश की निर्भरता लंबे समय तक विदेशों पर रही है। इसके बावजूद वर्तमान स्थिति की तुलना पुराने आंकड़ों से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच तेल की कीमतों में कितनी वृद्धि हुई थी और वर्तमान समय 2026 में स्थिति क्या है, इसका तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही है, जिससे भविष्य में आयात पर निर्भरता कम होगी और देश को इसका लाभ मिलेगा।

# अधिमास खत्म, अब शुरू होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अधिकमास का अंतिम दिन 15 जून को रहा, इसके साथ ही अधिकमास समाप्त होने के बाद अब फिर से विभिन्न कार्यो के लिए शुभ मुहूर्त मिलेंगे, इसके साथ ही विवाह के मुहूर्त भी है। इस दौरान फिर से शादी विवाह की धूम रहेगी। विदित हो कि अधिकमास के चलते मांगलिक कार्यो व विवाह मुहूर्त पर विराम लगा हुआ था। अब अधिकमास के समाप्त होने के बाद आधे जून और जुलाई माह में विवाह के कई मुहूर्त पड़ रहे हैं।

इस दौरान जमकर शादियां होगी। जून में पड़ने वाले विवाह मुहूर्त में अधिक शादी होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार इस 15 जून को अधिकमास समाप्त होने के बाद जून और जुलाई माह में सीमित विवाह मुहूर्त पड़ रहे है। माह के अतिम सप्ताह में चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा, इसके साथ ही चार माह के लिए मॉगलिक कार्यो पर रोक लग जाएगा। इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते है। इस वजह से विवाह सहित अन्य किसी भी तरह का मॉगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। जानकारी के अनुसार अगस्त से अक्टूबर तक देवशयनी एकादशी व चातुर्मास के कारण इस अवधि में विवाह के मुहूर्त नहीं है। इसके बाद नवंबर के अंत में फिर से विवाह के मुहूर्त पड़ रहे हैं तथा विभिन्न कार्यो के लिए शुभ मुहूर्त शुरू होंगे।

### एक पखवाडे के भीतर कई विवाह मुहर्त

मिली जानकारी के अनुसार 15 जून से अधिकमास समाप्त होने के बाद मांगलिक कार्यो पर लग रोक हट गई। इसके साथ ही जून माह में विवाह के मूर्हूत एक पखवाडे के भीतर जुलाई के पूरे माह के मुकाबले अधिक हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जून में 19 से 29 तक कई विवाह मुहूर्त हैं और इस दौरान ज्यादा विवाह होने की उम्मीद है, जबकि जुलाई में भी 7 विवाह मुर्हूत हैं,लेकिन जून के मुकाबले जुलाई में मुहूर्त के बावजूद कम विवाह होती है।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री सेजेस के 15 दिवसीय समर कैंप का समापन

प्रेमनगर। पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमणिया जगते रहीं। समारोह की अध्यक्षता एसएमडीसी पीएम श्री सेजेस अध्यक्ष सत्यम विश्वकर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती बबली खुसरो, योग प्रशिक्षक हिमांशु सिंह एवं राम सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य राम बरन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने योग, स्पोकन इंग्लिश, कला एवं शिल्प, गायन, व्यक्तित्व विकास तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। समर कैंप के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों को समारोह में मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रशिक्षकों में श्रीमती लीना यादव, श्रीमती करुणा यादव, श्रीमती चित्रलता सिंह, कमलेश टेकाम, मिथुन चक्रवर्ती, प्राचार्य राम बरन सिंह तथा स्वयंसेवी प्रशिक्षक निलेश सिन्हा शामिल रहे।

### मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित

बलरामपुर। मत्स्य पालन विभाग सहायक संचालक ने जानकारी दी है कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्य पालन अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में समस्त नदियों, नालों तथा छोटे नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किये गये हैं। सभी में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस नियम का उल्लंघन करने एवं अपराध सिद्ध होने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना का प्रावधान है।

### अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर क्षेत्र में की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम भातपुर निवासी गोपीचंद यादव के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान से 43.600 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसे आरोपी द्वारा अवैध रूप से कब्जे में रखा गया था। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### कनहर पुल के नीचे अवैध रेत उत्खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड को जोड़ने वाले रामानुजगंज में कनहर पुल के नीचे से अवैध रेत खनन एवं परिवहन करने के मामले में एसडीएम आनंद नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। एसडीएम श्री नेताम ने बताया कि कनहर पुल के नीचे से अवैध रेत खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थी। शिकायत पर प्रशासन क संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया तो ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन करते मिले जिन्हें जब्त किया गया है।

## विभाग ने वनभूमि पर बने 18 मकानों को ढहाया

# ग्राम पंचायत तकिया स्थित मगरढोढ़ी वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



तकिया मगरढोढी में अवैध अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



बांस बाड़ी में अवैध अतिक्रमण ढहाता जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग ने रविवार को तड़के वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत के नेतृत्व में शहर से सटे ग्राम पंचायत तकिया स्थित मगरढोढ़ी क्षेत्र की वन भूमि में लम्बे समय से किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मगरढोढी क्षेत्र की वनभूमि में बनाए गए 18 घरों को जेसीबी से ढहाकर अतिक्रमणमुक्त किया गया।

**खास बातें**

- शहर के बांसबाड़ी से हटाए गए 10 अतिक्रमण
- विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

तकिया मगरढोढ़ी जंगल से अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग ने अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग में वनवृत्त कार्यालय से सटे बांसबाड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में बने अवैध मकानों एवं दुकानों को ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। विभाग द्वारा अचानक की गई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। शहर से सटे ग्राम पंचायत तकिया की सीमा पर रिजर्व फॉरेस्ट का वनखण्ड 2581 है जिसमें लम्बे समय से ग्रामीण अवैध अतिक्रमण कर अलग-अलग हिस्सों में पक्के घर बना लिए थे। अतिक्रमणकारियों ने प्रारंभ में योजनाबद्ध तरीके से जंगल के पेड़ों का सफाया किया तथा धीरे-धीरे वनभूमि पर कच्चे फिर पक्के मकान बनाने लगे। वनकर्मी भी अवैध अतिक्रमण पर चुप्पी साधे रहे। अवैध अतिक्रमण की लगातार शिकायतों एवं लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण पर संज्ञान लेते हुए डीएफओ ने 22 अतिक्रमणकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की थी। विभाग की सख्ती देख कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही घरों को खाली कर दिया था जबकि 18 अतिक्रमणकारी अभी भी वनभूमि पर बने मकानों में रह रहे थे। रविवार को तड़के डीएफओ सहित विभाग के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस बल के साथ तकिया मगरढोढ़ी बस्ती में पहुंचे एवं जेसीबी से वनभूमि में बने मकानों को ढहाने लगे। विभाग की औचक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया तथा आनन-फानन में अतिक्रमणकारियों ने घरों में रखे अपने सामानों को बाहर निकाला। अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान वनभूमि में निवासरत नरेन्द्र राजवाड़े, सुरेन्द्र राजवाड़े, कामेश्वर यादव, शिवा बादी, बीरबल, कैलासो, नानसाय, अवध बिहारी, सिंगारी रजक, आशा कुजूर, सुनीता मिंज, अतुल गुप्ता, कलिंदा यादव, सोनिया मिंज आदि के घरों को जेसीबी से ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षु डीएफओ सुश्री श्वेता कंबोज, श्रीमती जेनीग्रेस कुजूर, रेंजर आशीष देवांगन सहित बड़ी संख्या में वनकर्मी उपस्थित थे।

### बांस बाड़ी में चला बुलडोजर

तकिया, मगरढोढ़ी क्षेत्र के वनभूमि में अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग का अतिक्रमण विरोधी दस्ता वनवृत्त कार्यालय से सटे बांसबाड़ी क्षेत्र में पहुंचा तथा बांसबाड़ी सहित आसपास की वनभूमि में बने अवैध 10 से अधिक मकानो, दुकानो, एवं ठेले-खोमचों को ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अब बांसबाड़ी में एकमात्र घर बचा है जिसका मामला न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। विभाग बांसबाड़ी की सुरक्षा की दृष्टि से जनहित की योजनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों का जुड़ाव हो सके।

### महामाया पहाड़ को भी किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

कुछ दिन पूर्व विभाग ने खैरबार क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था। विभाग की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की भनक लगने पर 48 अतिक्रमणकारियों ने न्यायालय से स्थगन हासिल किया है। विभाग निकट भविष्य में महामाया पहाड़ एवं खैरबार क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। डीएफओ ने बताया कि विभाग द्वारा 48 अतिक्रमणकारियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विभाग द्वारा सभी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जंगल हम सभी के जीवन का आधार है तथा जंगल को सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। जंगल हर जीव-जंतु के जीवन को प्रभावित करता है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। विभाग अवैध अतिक्रमणों की सतत निगरानी कर रहा है।

-अभिषेक जोगावत, डीएफओ, सरगुजा



## दो फड़ों में जुआ खेलते 12 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो अलग अलग फड़ों में जुआ खेल रहे लोगों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 12 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 16 हजार 720 रूपए बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नमनाकल स्थित गुडलक गैरेज के पीछे सार्वजनिक स्थान पर बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने गुडलक गैरेज के पीछे खाली जमीन के पास जाकर घेराबंदी की। इस दौरान कुछ जुआरी तो मौके से भाग निकले लेकिन पुलिस ने मौके पर मौजूद दो अलग फड़ से 12 लोगों को हिरासत में लेकर उनके पास से ताश की पत्ती, 16 हजार 720 रूपए जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में गंगापुर निवासी 55 वर्षीय अनिल कश्यप, दरिमा परसोड़ीखुर्द निवासी 41 वर्षीय रमेश सेमरिया, नमनाकला निवासी 62 वर्षीय सहाबुद्दीन, 45 वर्षीय संतोष कुमार, घुटरापारा निवासी 28 वर्षीय अनुज कुमार जायसवाल, नमनाकला निवासी 25 वर्षीय पवन साहनी, मुक्तिपारा निवासी 43 वर्षीय असीम तिर्की, दर्रीपारा निवासी 40 वर्षीय विरेन्द्र एक्का, नमनाकला निवासी 22 वर्षीय मनोज सोनकर, खटिकपारा निवासी 30 वर्षीय दीपक सोनकर, नमनाकला निवासी 34 वर्षीय सद्दाम हुसैन व 52 वर्षीय नागेन्द्र सोनकर को धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक जोधन पैंकरा, नितिन सिन्हा, विवेक राय, बृजेश राय, एहसान फिरदौसी सक्रिय रहे।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराया माल वाहक वाहन, ग्रामीण घायल

**अंबिकापुर**। रविवार की देर शाम एनएच 130 पर तेज रफ्तार माल वाहक वाहन खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। माल वाहक वाहन में ग्रामीण सवार थे। दुर्घटना में ग्रामीणों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल घायलों की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात 8 बजे एनएच 130 पर मेण्ड्राकला के समीप माल वाहक वाहन खड़े ट्रैक्टर से जाकर टकराया। घटना के वक्त माल वाहक वाहन में लगभग 18 से 20 लोग सवार थे। इस घटना के बाद लोगों में चीख पुकार मच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मणिपुर थाना की पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में महिला बच्चे भी घायल हुए है। फिलहाल हादसे के कारणों और ग्रामीणों की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वदेशी ही आत्मनिर्भर भारत का आधार, प्रांतीय विचार वर्ग में गूंजा स्वावलंबन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रांतीय विचार वर्ग एवं कार्यशाला में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन पर व्यापक मंथन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए कार्यकर्ता, केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम के पंचम सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. अश्विनी महाजन ने भारत की आर्थिक यात्रा, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और स्वदेशी आधारित विकास मॉडल पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत हजारों वर्षों तक विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था रहा है और आज भी उसके पास विशाल युवा शक्ति, बड़ा बाजार तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जैसी अपार संभावनाएं हैं। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने भारत की आर्थिक संरचना को गहरा नुकसान पहुंचाया, लेकिन देश पुनः वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, डिजिटल तकनीक और नवाचार को अपनाए बिना भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे नहीं बढ़ सकता। डिजिटल इंडिया, यूपीआई और तकनीकी नवाचारों ने भारत को विश्व में नई पहचान दिलाई है। भारत का डिजिटल भुगतान तंत्र आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुका है और देश के युवाओं में नई तकनीकों को अपनाने की अपार क्षमता है। उन्होंने आईटी निर्यात, डिजिटल करेंसी और तकनीकी उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं को भी रेखांकित किया। सांसद चिंतामणि महाराज, भगवानदास बंसल तथा कुलपति राजेंद्र लकपाले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत, 'वोकल फॉर लोकल' और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। सांसद चिंतामणि महाराज ने सरगुजिहा में संबोधन देते हुए कहा कि स्थानीय उद्योगों, कुटीर उद्योग और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देकर भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग तथा रोजगार सृजन में स्वदेशी की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। जगदीश पटेल ने कहा कि भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी चिंतन, स्थानीय उत्पादन और उद्यमिता को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान की कार्ययोजनाओं और उद्देश्यों की जानकारी दी। क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना, कार्यपद्धति और वैचारिक आधार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पुनर्जागरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने मंच द्वारा देशभर में संचालित जनजागरण अभियानों की जानकारी भी दी। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सरगुजा संभाग संयोजक राजकिशोर चौधरी तथा आभार प्रदर्शन सहसंयोजक उपेंद्र यादव ने किया।

## बनापति में निर्माणधीन पुलिया के स्लैब में आई दरार, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश





**बलरामपुर**। जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड इ बनापति पुलिया निर्माण में गड़बड़ी को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए है। बनापति में निर्माणाधीन पुलिया में दरारों की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल जांच कराई और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

- स्लैब निर्माण पर रोक, आवश्यक सुधार करने के दिए गए निर्देश

बता दें कि रामचन्द्रपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनापति में निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता और उसमें दरारें आने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले को कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर त्वरित जांच करने के निर्देश दिए। निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभाग के तकनीकी अमले द्वारा ग्राम पंचायत बनापति पहुंचकर उक्त निर्माणाधीन पुलिया का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

जांच में पाया गया कि वर्तमान स्थिति में पुल का डर्ट वाल बनाया जा रहा है। ढांचे में जो दरारें दिखाई दे रही हैं, वे किसी भी प्रकार का क्रैक स्ट्रक्चरल नहीं हैं बल्कि निर्माण एजेंसी द्वारा जूट के बोरों का उपयोग कर नियमित रूप से तराई नहीं की गई थी, जिसके कारण सतह पर कुछ जगहों पर श्रिंकेज क्रैक पाया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्माण स्थल पर डर्ट वाल के अंतिम लिफ्ट की 75 मिमी की पूरी मोटाई को तोड़कर वेयरिंग कोट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्तमान में स्लैब निर्माण के कार्य पर रोक लगा दी गई है और निर्माण साइट पर तराई की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चंदौरा हाईवे पर अवैध वसूली को लेकर चर्चाएं, वाहन चालकों में नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

चंदौरा थाना क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे कुछ वीडियों और स्थानीय स्तर पर उठ रहे सवालों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर बहस छेड़ दी है। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि हाईवे से गुजरने वाले ट्रक, पिकअप, मालवाहक और मंडी वाहनों की जांच के नाम पर कथित रूप से राशि वसूली की जा रही है। वायरल वीडियों के सामने आने के बाद ग्रामीणों, वाहन चालकों और व्यापारियों में नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से इस तरह की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही है। कई वाहन चालकों का दावा है कि हाईवे पर जांच के दौरान उन्हें अनावश्यक रूप से रोका जाता है और कथित तौर पर 200-500 रूपये तक की राशि मांगे जाने की बातें सुनने में आती है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्र के व्यापारियों और वाहन संचालकों का कहना है कि कोई वाहन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ चल रहा है तो उसे बार-बार रोककर पूछताछ किए जाने और कथित वसूली की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं। लोगों का आरोप है कि हाईवे पर परिवहन कार्य से जुड़े कई लोग इस व्यवस्था से परेशान हैं लेकिन कार्रवाई के डर से खुलकर सामने नहीं आना चाहते। पुलिस का दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम जनता को सुरक्षा प्रदान करना है। ऐसे में यदि पुलिस व्यवस्था को लेकर ही सवाल उठने लगे तो यह जनता के विश्वास के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। लोगों का कहना है कि वायरल वीडियो की सच्चाई जो भी हो, लेकिन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। चंदौरा थाना क्षेत्र पहले भी विभिन्न कारणों से चर्चाओं में रहा है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भी मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप गलत हैं तो पुलिस विभाग को सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखना चाहिए और यदि कहीं गड़बड़ी है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस संबंध में एसडीओपी अनुप एक्का ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी तथा शिकायत मिलने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम ने की चर्चा


## प्रत्येक माह अपने कार्यों के परिणामों का रिपोर्ट कार्ड लेकर करें समीक्षा : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्ष भी मौजूद रहे। कांग्रेस के उदयपुर संकल्प के अनुसार गठित 31 सदस्यीय कमेटी में 1 कोषाध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री, 10 सचिव एवं 5 कार्यकारणी सदस्य हैं। नवगठित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में 65 प्रतिशत सदस्य अन्य पिछड़े वर्ग, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग से हैं। नवगठित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का परिचय अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने कराया। इस दौरान आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने नवगठित कार्यकारणी सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें अपने बूथ और उसपर मौजूद अनुभाग में सूक्ष्मता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकारणी सदस्यों को कहा कि हम प्रत्येक माह अपने कार्य परिणामों की रिपोर्ट कार्ड लेकर बैठेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने ब्लॉक कार्यकारणी सदस्यों के प्रभार के वितरण हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में शहरी क्षेत्र में विशेष सतर्कता की आवश्यकता रहेगी। भाजपा सिस्टम का उपयोग कर शहरी क्षेत्र में खेल करने में माहिर है। 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि किसी भी इमारत की मजबूती उसके नींव पर आधारित होती है। ठीक उसी प्रकार से चुनावी इमारत की मजबूती बूथ की मजबूती पर आधारित होता है। कार्यकारणी के सदस्यों से उन्होंने आवाह्न किया कि इस कठिन दौर में लोकतंत्र की स्थापना के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री जेपी श्रीवास्तव ने कार्यकारणी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अगले चुनाव को जीतने के लिए सत्तापक्ष साम-दाम-दंड-भेद सब अपनाएगा, इससे निपटने का एकमात्र तरीका मतदाताओं से सतत संपर्क होगा।

इस दौरान पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, मो इस्लाम, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, जीवन यादव, अमित सिंह, शंकर प्रजापति, गुरूप्रीत सिद्धू, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सतीश बारी, निक्की खान, सोहन जायसवाल, मेराज रंगरेज, विकास शर्मा, शशांक चौधरी, पवन सिंह, आलोक गुप्ता, अमित वर्मा, बनाफर केरकेट्टा, रोशन कन्नौजिया, धनमीत छाबड़ा, शंकर लाल सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा, श्रीमती रूबी जैन, श्रीमती शकीला सिद्दकी, विजय बेक, मनोज तिवारी सहित ब्लॉक कार्यकारणी के सदस्य मौजूद रहे।



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

लाइफ Style

# नोरा

## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।*

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला

# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।




# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

टीवी मसाला







# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज


**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ'रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और



गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

## साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई में अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान में दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018) :** केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। **IMDb** पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019) :** पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 ) :** 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

## खबर संक्षेप

### लखपति दीदी साधना कुजूर की आत्मनिर्भरता की प्रेरक यात्रा

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले की ग्राम पंचायत पतरापाली की निवासी साधना



कुजूर सोमवार ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं। कभी गृहिणी के रूप में परिवार और कृषि कार्यों तक सीमित रही साधना कुजूर ने अपने परिश्रम, आत्मविश्वास और बिहान योजना के सहयोग से आर्थिक स्वतंत्रता की नई पहचान बनाई है। पहले साधना कुजूर को आर्थिक संसाधनों की कमी और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में संकोच होता था, लेकिन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। जनवरी 2025 को वे दीपिका स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह की नियमित बैठकों, प्रशिक्षणों और वित्तीय सहयोग ने उनमें आत्मविश्वास जगाया। उन्होंने यह समझा कि सामूहिक प्रयास और छोटे-छोटे अवसरों से भी बड़ा परिवर्तन संभव है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें 30,000 की सीआईएफ राशि तथा 15,000 का बैंक ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से साथ अपनी बचत और मेहनत को जोड़कर उन्होंने अपने पति राजू कुजूर के साथ मिलकर दोना-पत्तल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। साथ ही उन्होंने सिलाई कार्य और कपड़ा दुकान का व्यवसाय भी शुरू किया। धीरे-धीरे उनके उत्पादों की मांग बढ़ने लगी। स्थानीय दुकानदार और ग्राहक सीधे उनके घर से दोना-पत्तल खरीदने आने लगे। सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह समारोहों एवं अन्य आयोजनों में भी उनके उत्पादों की मांग बढ़ी, जिससे व्यवसाय का विस्तार हुआ। आज साधना कुजूर सिलाई, कपड़ा दुकान, दोना-पत्तल निर्माण और कृषि कार्य के माध्यम से प्रतिमाह लगभग 15,000 से 16,000 की नियमित आय अर्जित कर रही हैं।

### चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस को रायपुर तक बढ़ाने की मांग

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिला सहित पूरे



कोयलांचल क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी और बेहद महत्वपूर्ण मांग को लेकर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हफीज मेमन ने देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक औपचारिक पत्र लिखकर चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या: 18258 का विस्तार प्रदेश की राजधानी रायपुर तक करने का पुरजोर आग्रह किया है। इस ऐतिहासिक फैसले से क्षेत्र के विकास, व्यापार और आमजन को एक नई संजीवनी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। रेल मंत्री को भेजे गए पत्र में मजबूत तर्क दिया गया है कि वर्तमान में चिरमिरी से बिलासपुर के बीच चलने वाली रेलगाड़ी संख्या: 18258 रात को चिरमिरी से रवाना होकर सुबह लगभग 4:30 से 5 बजे के बीच बिलासपुर स्टेशन पहुंच जाती है। चूंकि यह गाड़ी सुबह बेहद जल्दी बिलासपुर पहुंच जाती है, इसलिए इस ट्रेन के रैक के पास आगे रायपुर तक जाने और वहां से वापस आने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध रहता है।

# 38 वर्षों के बाद पूर्व छात्रों ने विद्यालय में पहुंचकर गुरुजन का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सरस्वती विकास विद्यालय में 1988-89 बैच के पूर्व छात्राओं का रियूनयन कार्यक्रम उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। लगभग 38 वर्षों के बाद पूर्व छात्राओं ने अपनी पुरानी शैक्षणिक संस्थान में अपने गुरुजन व मित्रों को पाकर खुशी से ओत-प्रोत हो गए। सर्वप्रथम बाहर से आए पूर्व छात्रों का मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।

तत्पश्चात राष्टगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कुल छात्रों ने इस दौरान प्रार्थना के साथ पीटी और शिक्षकों के प्रारंभिक निर्देश सुने। तत्पश्चात सरस्वती विकास विद्यालय के अध्यक्ष पूनम चंद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचाशीन अतिथियों का स्वागत पूर्व छात्राओं ने तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ के साथ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष ने कहा कि 38 वर्ष पूर्व के छात्र-छात्राएं अपने गुरूजन व सहपाठी मित्रों से मिलने के लिए रियूनियन कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसा प्रतीत हुआ कि इन बच्चों की भावना आज भी मनेद्रगढ़ शहर व संस्था के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है। मंच पर उपस्थित संस्था के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार बोंदिया ने भी पूर्व छात्र-छात्राओं के उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज भी संस्था के बच्चे कहीं भी चले जाएं लेकिन अपना संस्कार व अपनों को कभी नहीं भूलते। मंच से शिक्षकों ने भी पूर्व छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि लगभग 4 दशकों के बाद भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर हमें मान सम्मान दिया जाना बच्चों के संस्कारों को झलकाता है। इस दौरान पूर्व दिवंगत शिक्षक संत शरण त्रिपाठी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती तिग्गा, तोहफा, वंदना गांगुली व 1988-89 के अपने बैच में रहे दिवंगत साथियों को मार्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षकों ने भी अपने विचार व अनुभव मंच के माध्यम से साझा किए। तत्पश्चात छात्र-छात्राएं अपने कक्षा में पहुंचे जहां, शिक्षकों ने पूर्व छात्र-छात्राओं की क्लास ली। इस दौरान शिक्षकों ने उनसे होमवर्क चेक किया और गलती करने वाले छात्र-छात्राओं को छड़ी से सजा दी। इस दौरान कई छात्रों ने उन दिनों कुछ यादगार बीते लम्हों को भी जीवंत किया। कार्यक्रम में दिल्ली, महाराष्ट, राजस्थान जौनपुर, उड़ीसा, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, छग, जबलपुर के अलावा दूर-दूर से अपनों से मिलने को आतुर पूर्व छात्र-छात्राएं पहुंचे। इस दौरान मंच पर उपस्थित निरंजन सिन्हा, अंजलि तिवारी, डी.मार्गरेट माघा, श्रीमती प्यासी, कृष्णा निशि, जोशी, पुष्पा गुप्ता के अलावा कई अन्य शिक्षकों का सम्मान कर शाल श्रीफल के अलावा पुरस्कार देकर किया गया। उड़ीसा से आए नालको कंपनी के उप महाप्रबंधक रजनीश गुप्ता ने इस दौरान कहा कि उक्त कार्यक्रम के लिए काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था। सोशल मीडिया के माध्यम से कई पुराने छात्र-छात्राओं से संपर्क हुआ। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से ऐसा लगा जैसे हम पुनः छात्र जीवन में पहुंच गए हैं। अपनों से मिलने की खुशी हम शब्दों से बयां नहीं कर सकते। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्र-छात्राओं को यादगार स्वरूप कैरी बैग प्रदान किया गया। इस दौरान स्वल्पाहार के उपरांत अपने शिक्षकों का आशीर्वाद लेकर पूर्व छात्र-छात्राएं वहां से रवाना हुए। कार्यक्रम में इस दौरान वर्तमान में पदस्थ प्राचार्य वेद प्रकाश पांडे, बीएन तिवारी, हीरालाल केवट, शैलेन्द्र सिंह, पूर्व छात्र साबिर अली, जाफर खान, बुरहानुद्दीन बोहरा, आशीष जैन, राधे बल्लम, नारायण ठाकुर, रंजीत पांडे, विनोद सेन, खाजा गुप्ता, निलेश उमरी मिराज खान कृष्ण, ममता देवांगन गीतांजलि ममता सोनी रश्मि गुप्ता अर्चना सिंह के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से आए पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सकुशल बरामद हुई गुमशुदा बालिका

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी



पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा नाबालिग बच्चों की तलाश और सुरक्षित दस्तयाबी के अभियान में बिजुरी पुलिस ने सराहनीय सफलता हासिल की है। पुलिस ने 13 वर्षीय गुमशुदा बालिका को मध्यप्रदेश के मैहर से सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार थाना बिजुरी क्षेत्र की एक 13 वर्षीय बालिका 9 जून 2026 को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। परिजन की शिकायत पर थाना बिजुरी में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराव के निर्देशन में बालिका की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, साइबर इनपुट और मुखबीर तंत्र की सहायता से लगातार खोजबीन जारी रखी।

पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते बालिका का पता मध्यप्रदेश के मैहर में लगाया गया, जहां से उसे सकुशल बरामद कर लिया गया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद बालिका को उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। बेटी के सुरक्षित घर लौटने पर परिवारजन ने राहत व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार जताया। बालिका की सफल दस्तयाबी में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह, सहायक उपनिरीक्षक उदय प्रजापति, महिला आरक्षक संगम तोमर, प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा, आरक्षक विश्वजीत तथा साइबर सेल के राजेन्द्र अहिरवार और पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बिजुरी पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। वहीं ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित परिजन तक पहुंचाने की पुलिस की प्रतिबद्धता एक बार फिर उजागर हुई है।

# डिजिटल मार्केटिंग और ब्रांडिंग का प्रशिक्षण

मनेन्द्रगढ़। जिले की महिला उद्यमियों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने और व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवा बिहान क्लस्टर में वर्कशॉप ऑन डिजिटल लिटरेसी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों तथा महिला संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों को डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं बाजार विकास संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पीआरपी सुश्री वसुंधरा यादव ने किया। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं सामुदायिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में महिलाओं को तकनीकी ज्ञान एवं विपणन कौशल से लैस करना समय की आवश्यकता है, जिससे वे अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंच सकें।

# बिक्री के लिए बाजार में आए रसीले जामुन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



बरसात की शुरूआत होने के पूर्व शहर के बाजार में काले रसीले जामुन बिक्री के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। मौसम के इस फल की कीमत वर्तमान में 40 से 50 रूपए किलो की दर से विक्रय की जा रही। अधिक कीमत होने के बावजूद सीजन के फल का स्वाद लेने के लिए हर कोई आतुर है। इसके चलते शहर के बाजार में सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग जब अपनी दुकान सड़क किनारे सजाते हैं तो लोग खरीदी करने के लिए जुट जाते हैं। ज्यादा भाव होने के बाद भी लोग रसीले जामुन का स्वाद लेने के लिए खरीदी कर रहे हैं।

सीजन का यह फल आगामी कुछ ही दिनों तक बाजार में आएगा, इसके बाद सीजन खत्म हो जाएगा, यही सोचकर हर कोई सीजन के फल जामुन का स्वाद लेने के लिए प्रतिदिन खरीदी कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को भी रोजगार मिल गया है, इन दिनों बड़ी मात्रा में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से शहर के बाजार में ग्रामीण महिलाएं जामुन फल लेकर शहर के कुमार चौक के आस-पास व बाजार क्षेत्र में बिक्री करने के लिए पहुंच रहे हैं।

### जामुन फल ही नहीं औषधि भी

काले जामुन केवल एक फल ही नहीं है, वरन इसे आयुर्वेद में एक औषधी वाला फल बताया गया है। जानकारी के अनुसार जामुन के फल व बीज मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक माना गया है, इसके सेवन से शुगर स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, इसके अलावा पेट से संबंधित विकारों के लिए भी उपयोगी है। जामुन में विटामिन सी के अलावा भरपूर आयरन पाया जाता ह तो शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बताई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसी क्रम में भाजपा छग के प्रदेश प्रवक्ता उज्जवल दीपक ने मनेन्द्रगढ़ में आयोजित प्रेसवार्ता में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। प्रदेश प्रवक्ता उज्जवल दीपक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान को केन्द्र में रखकर अनेक योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को मिला है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, किसान सम्मान निधि और जनधन योजना जैसी योजनाओं ने आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। सरकार की नीतियों के कारण आज देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की किरण पहुंची है। उज्जवल दीपक ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत की सांस्कृतिक विरासत और राष्टीय गौरव को भी नई पहचान दिलाई है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय आदिवासी समाज के सम्मान का प्रतीक है। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नया संसद भवन, सेंगोल की स्थापना तथा राष्टीय महत्व के अनेक स्मारकों का निर्माण देश की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने वाले कदम हैं।

# चरित्र शंका पर पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। पत्नी को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ सोते देख चरित्र शंका पर युवक ने महिला की हत्या कर दी। मर्ग जांच में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुसमी के सामरीपाठ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जून को थाना अंतर्गत ग्राम पश्चिमपारा निवासी 40 वर्षीय सुगद्दु बिरिजिया आ. किना बिरिजिया ने सूचना दी थी कि बजंती बिरिजिया पति अर्जुन उर्फ टावर की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग जांच की जा रही थी। मर्ग जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 10 जून को आरोपी अर्जुन उर्फ टावर एवं उसकी पत्नी बजंती बिरिजिया अलग अलग ग्राम टाटी झरिया स्थित साप्ताहिक बाजार गए हुए थे। बाजार से वापस लौटते समय अर्जुन नगेशिया को गांव के कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारी पत्नी बजंती बिरिजिया इंदर के घर के सामने पकरी पेड़ के नीचे किसी व्यक्ति के साथ सोई है। सूचना के बाद जब युवक मौके पर पहुंचा तो उसकी पत्नी गांव के छन्दन बिरिजिया के साथ सोई हुई थी। जिसपर अर्जुन ने चरित्र शंका पर पत्नी की हाथ मुक्का, पैर, डंडा से मारपीट की थी। मारपीट से घायल महिला की 11 जून को मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन उर्फ टावर नगेशिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपनी पत्नी मृतिका बजन्ती को किसी गैर मर्द के साथ सोते देखकर को हाथ मुक्का, पैर व डण्डा से मारपीट करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक Q/वाचक/ 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक 27/5/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम हर्रापारा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका तुलेश्वरी पिता/पति शिवबली जाति बरगाह निवासी हर्रापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा गुलशन कुमार निवासी हर्रापारा का जन्म दिनांक 24/09/2008 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16/6/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 27/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक Q/वाचक/ 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक 27/5/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम हर्रापारा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका तुलेश्वरी यादव पिता/पति शिवबली जाति बरगाह निवासी हर्रापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा आंचल निवासी हर्रापारा का जन्म दिनांक 03/03/2013 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16/6/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 27/5/2026 को मेरे हस्तक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक Q/वाचक/ 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक 15/06/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम चोपन की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका/आवेदिका झरीबाई पिता किशुन जाति गोड़ निवासी चोपन तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्वयं झरीबाई निवासी चोपन का जन्म दिनांक 14/10/1965 को होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16/6/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 15/6/2026 को मेरे हस्ताक्षार एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.

## पृष्ठ 1 का शेष

### कुरासिया भूमिगत खदान...

के तहत होने वाले कार्यों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि श्रमिकों के घरों में साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए व्यवस्था की गई है, लेकिन वास्तविक हितग्राही श्रमिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। आरोप लगाया गया कि कई बार कब्जाधारियों के घरों में कार्य करा दिया जाता है और मजदूर परेशान होकर रह जाते हैं। क्रमिक भूख हड़ताल के प्रथम दिन गोपाल द्विवेदी, खिलेश चंद्र तिवारी, पुरूषोत्तम, भीम, चंद्रशेखर नाहक, राजकुमार, संतोष बेहरा, संजय कुमार एवं आलोक किशोर सिंह हड़ताल पर बैठे।







